






# ग्वालियर में 'इंद्रिया ज्वेलर्स' का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** शहर में लक्ज़री ज्वेलरी सेगमेंट को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिष्ठित ब्रांड 'इंद्रिया ज्वेलर्स' का भव्य शुभारंभ आज एक समारोह में किया गया।

पड़ाव स्थित इंद्रिया ज्वैलर्स शोरुम के शुभारंभ के अवसर पर

## आदित्य बिरला ग्रुप के रुप में शहर को मिला नया प्रीमियम ज्वेलरी डेस्टिनेशन

पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, पूर्व मंत्री इमरती देवी, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज बामौर के डायरेक्टर हरेन्द्र दंडोतिया, जेएच समूह के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अविनाश शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजा चड्ढा, यशवंत इंदापुरकर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया. इस अवसर पर इंद्रिया ज्वैलर्स ग्वालियर के संचालक दीपक शर्मा ने बताया कि विश्वसनीयता का दूसरा नाम इंद्रिया ज्वैलर्स है।



### ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर : दीपक शर्मा

आदित्य बिरला इंद्रिया स्टोर, ग्वालियर के संचालक दीपक शर्मा ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर कंपनी नें ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए गए हैं। जैसे कि मेकिंग चार्जेस पर छूट गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस और डायमंड वैल्यू पर 35 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है।

**विशेष उपहार :** पहले 50 ग्राहकों को एक निश्चित राशि की खरीदारी पर 200 मिलीग्राम सोने का सिक्का भी भेंट किया जा रहा है।

शोरूम का उद्घाटन पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया, जिसमें दीप प्रज्वलन के साथ ही अतिथियों को ज्वेलरी कलेक्शन का अवलोकन कराया गया। 'इंद्रिया ज्वेलर्स' अपने उत्कृष्ट डिज़ाइन, आधुनिक कारीगरी और प्रीमियम क्वालिटी के लिए जाना जाता है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्वालियर जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक शहर में इस ब्रांड की शुरुआत करना उनके लिए गर्व की बात है। यहां ग्राहकों को पारंपरिक और आधुनिक ज्वेलरी का अनूठा संगम मिलेगा, जो हर खास अवसर को और भी खास बना देगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान आकर्षक ऑफर्स और विशेष डिस्काउंट भी घोषित किए गए, शुभारंभ समारोह का संचालन नेहा पाहूजा ने किया. इस अवसर पर कम्पनी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ-साथ ग्वालियर शोरुम के स्टोर मैनेजर कपिल एवं अंकुश पाटिल, निधि आदि विशेष रुप से उपस्थित थे.

ग्वालियर अब बदल रहा है और यहाँ के नागरिकों की पसंद भी वैश्विक स्तर की हो गई है। आदित्य बिड़ला ग्रुप जैसे भरोसेमंद नाम का ग्वालियर आना यह दर्शाता है कि हमारा शहर निवेश और व्यापार के लिए एक बड़ा केंद्र बन चुका है।
**– श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व महापौर**



आदित्य बिड़ला ग्रुप की साख पूरी दुनिया में है। ग्वालियर के मुख्य व्यापारिक केंद्र पड़ाव पर इस स्टोर का खुलना स्थानीय अर्थव्यवस्था और ग्राहकों, दोनों के लिए सुखद है।
**– महेन्द्र खत्री, समाजसेवी**



डिजाइन के दृष्टिकोण से देखें तो इस शोरूम का एम्बिएंस और यहाँ रखे आभूषणों की बनावट अद्भुत है। विशेषकर 'हाथ से बने आभूषणों' पर जो जोर दिया गया है, वह इसकी विशिष्टता है।
**– प्रदीप अग्रवाल, आर्किटेक्ट**



शुद्धता और पारदर्शिता किसी भी बड़े ब्रांड की पहचान होती है। 'इंद्रिया' के माध्यम से ग्वालियर के लोगों को अब बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। आदित्य बिड़ला ग्रुप ने गुणवत्ता के मामले में हमेशा मानक स्थापित किए हैं।
**– डॉ. अविनाश शर्मा**



आज ग्वालियर के लिए यह एक उत्सव जैसा क्षण है। आदित्य बिड़ला ग्रुप का 'इंद्रिया' ब्रांड न केवल सुंदरता बल्कि एक परंपरा लेकर आया है।
**अंजली बत्रा**



# आईटीएम यूनिवर्सिटी में 'कल्चरल डायवर्सिटी' थीम पर हुई फेयरवेल पार्टी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** आईटीएम यूनिवर्सिटी में एनुअल फंक्शन और प्री फाइनल व फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी-2026 का आयोजन किया गया। संस्थान के नाद एम्फीथिएटर में 'कल्चरल डायवर्सिटी' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य, संगीत, घूमर, रास और महोत्सवम् सहित अनेकता में एकता की शक्ति का संदेश देते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी के मन को प्रफुल्लित किया।

## अनुष्का ने मिस फेयरवेल और स्वामी विश्वास ने जीता मिस्टर फेयरवेल का खिताब

आयोजन में आईटीएम यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीन अकेडमिक रंजीत सिंह तोमर, डीन अकेडमिक डॉ. सोनिया जौहरी, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, कार्यक्रम के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. मुकेश पांडे सहित विभिन्न विभागों के डीन, एचओडी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को अपने जीवन के उद्देश्य को समझते हुए उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। वाइस चांसलर प्रो. डॉ. योगेश उपाध्याय ने एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और समग्र विकास की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि आईटीएम में वर्ष भर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिनमें सेमिनार, कार्यशालाएं, अतिथि व्याख्यान, शोध संगोष्ठियां और इंडस्ट्री-एकेडमिक इंट्रैक्शन प्रमुख रहे। इन आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान एवं नवीनतम तकनीकी प्रवृत्तियों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही सह-शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। आईटीएम यूनिवर्सिटी में आयोजित एनुअल फंक्शन एंड फेयरवेल पार्टी के अवसर पर छात्र देवांश और छात्रा पूर्वी द्वारा सेमी क्लासिकल डांस की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर बी.फार्मेसी फाइनल ईयर की छात्रा अनुष्का शर्मा को मिस फेयरवेल और बीएलएलबी फाइनल ईयर के छात्र स्वामी विश्वास तिवारी को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। वहीं मिस्टर एंड मिस फेयरवेल में बीसीए के छात्र देवांश मिश्रा और बीबीए की छात्रा पूर्वी गुप्ता रनरअप रहीं।

# हवाई सेवाओं में विस्तार, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए नई उड़ानें

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा, ग्वालियर के विकास को लगेंगे पंख, गिनाईं सिंधिया की सौगातें

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** मध्यप्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें उन्होंने ग्वालियर-चंबल अंचल को केंद्र सरकार की ओर से मिली बड़ी सौगातों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक मोहन सिंह राठौड़, नगर निगम सभापति मनोज सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया टर्मिनल से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से अब ग्वालियर से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए अकासा एयर की नई उड़ानें जल्द शुरू होने जा रही हैं।

वर्तमान में इंडिगो की उड़ानें सप्ताह में 3 दिन संचालित होती हैं, लेकिन अब अकासा एयर की उड़ानें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपलब्ध होंगी। इससे अंचल की जनता को सप्ताह के 6 दिन हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा।



### विकास का 'कनेक्टिविटी ब्रिज' आईटी और स्टार्टअप हब से सीधा जुड़ाव

पत्रकार वार्ता में मंत्री तोमर ने कहा कि बेंगलुरु जैसे प्रमुख आईटी और स्टार्टअप हब से सीधा जुड़ना ग्वालियर के युवाओं, उद्यमियों और शिक्षाविदों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इसे 'उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक मजबूत कनेक्टिविटी ब्रिज' बताया, जिससे निवेश और पर्यटन को नई गति मिलेगी।

### क्षेत्रीय विकास के लिए 'त्रिकोणीय' मॉडल

ऊर्जा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उड़ानों में वृद्धि से ग्वालियर की विरासत और धरोहर देखने आने वाले पर्यटकों को सुविधा होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से होटल, ट्रैवल और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। दिल्ली के साथ बढ़ती उड़ानों से व्यापारिक यात्राएं और प्रशासनिक कार्य अधिक सहज और त्वरित हो जाएंगे।

### सिंधिया और मुख्यमंत्री का जताया आभार

ऊर्जा मंत्री ने क्षेत्रीय संतुलित विकास के इस संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बारम्बार आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर अब केवल अपनी ऐतिहासिक पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक विकास और वैश्विक कनेक्टिविटी का प्रतीक बनता जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने श्योपुर में हुई दुर्घटना पर दु:ख व्यक्त किया, मृतकों के परिजन को 4-4 लाख

**ग्वालियर 17 अप्रैल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चंबल संभाग के श्योपुर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के खितरपाल गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिलाओं के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए एवं अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुर्घटना में जो घायल हुए हैं, उनको उपचार प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की भी कामना की।

# फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड में रिकॉर्ड सफलता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।



इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने ग्वालियर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा, 'नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की।' अमोलिक पंडिता ने बताया, 'नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना मेरे लिए 100 प्रतिशत अंक लाने में बहुत सहायक रहा।' आयुष्मान महापात्रा ने कहा, 'अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना मेरी सफलता की कुंजी रहा।'

परिणामों पर अपने विचार साझा करते हुए अलख पांडेय, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, 'हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई, जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किए। ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं।




# नगर निगम, एयर फोर्स एवं मालनपुर फायर ब्रिगेड ने की ज्वाइंट एक्सरसाइज

**ग्वालियर, 17 अप्रैल।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के कार्यक्रम में नगर निगम ग्वालियर फायर ब्रिगेड के नोडल अधिकारी श्री रजनीश गुप्ता, महाराजपुरा एयर फोर्स स्टेशन फायर ब्रिगेड के प्रभारी ए.के राय एवं मालनपुर इंडस्ट्रियल एरिया की पुलिस फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी सतीश चतुर्वेदी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में तीनों विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य से अग्नि दुर्घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु तत्पर होकर कार्रवाई करने पर सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर तीनों विभागों द्वारा अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। आयोजन एयरफोर्स द्वारा ऑटोमेटिक फायर फाइटिंग रोबोट का प्रदर्शन किया गया। एक्सप्लोसिव आइटम्स, तेल डिपो गैस डिपो आदि भंडारण स्थलों पर जहां फायर कर्मियों की जान को जोखिम रहता है उस जगह पर फायर कर्मियों को ना भेज कर रोबोट के माध्यम से आग बुझाने का कार्य किया जा सकता है।

## 20 अप्रैल से स्कूलों के समय में परिवर्तन

**ग्वालियर, 17 अप्रैल।** बढ़ते हुए तापमान एवं गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर ग्वालियर जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। स्कूलों के समय में बदलाव संबंधी यह आदेश 20 अप्रैल से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिओम चतुर्वेदी द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई एवं शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी कक्षाएँ विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार अधिकतम दोपहर 12 बजे तक लगा सकेंगे। इसी प्रकार कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाएँ प्रात: 07:30 बजे से अधिकतम दोपहर 12:00 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षाएँ एवं अन्य आवश्यक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार यथावत संचालित होते रहेंगे।

## जिले में सह मीडिया प्रभारी बने भारत शाक्य

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजोरिया ने भारत शाक्य को जिला सह मीडिया प्रभारी के नियुक्ति की आज घोषणा की। इस नियुक्ति पर भारत शाक्य ने जिला अध्यक्ष जय प्रकाश राजोरिया के साथ मीडिया प्रभारी डॉ निशिकांत मोघे एवं वरिष्ठ नेतृत्व में सभी का आभार जताया।

# स्वच्छता को लेकर हमें अपनी आदत बदलनी होगी

## स्वच्छता संवाद की अनोखी पहल 'स्वच्छ ग्वालियर, हमारी पहचान', तानसेन नगर से दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** स्वच्छता किसी एक की नहीं हम सभी की जिम्मेदारी है तथा अपनी गली मौहल्ला एवं शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को अपनी आदत बदलनी होगी, तभी बदलेगा ग्वालियर। उक्ताश्य के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नगर निगम ग्वालियर आयोजित देश का सबसे बड़ा स्वच्छता संवाद के दौरान आम नागरिकों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न वार्डों में किया जा रहा है। जिसके तहत आज शुक्रवार को तानसेन नगर स्थित टंकी वाले पार्क में आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व पार्षद श्री दिनेश सिकरवार, वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. प्रियंवदा भसीन, डॉ. राघवेन्द्र, अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे।





इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर ग्वालियर को स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे एवं अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगें।

स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद दिनेश सिकरवार ने कहा कि जब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधि झाडू पकड़कर देश को स्वच्छ रखने के लिए आम नागरिकों को प्रेरित कर सकते हैं तो यह हम सभी की जिम्मेदारी है। कि अपने वार्ड एवं मोहल्ले को साफ रखने के लिए मिलकर प्रयास करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर लोग स्वच्छता को अपना रहे हैं, आज अपना देश स्वच्छ भारत की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. प्रियंवदा भसीन ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहीं समृद्धि होती है तथा हम सभी यह जानते हैं कि स्वच्छता से हमारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हमारे लिए बहुत ही खराब है और प्लास्टिक की चीजों में गर्म खाना एवं भोजन का इस्तेमाल करना कैंसर का कारक है।

बीआईएमआर हॉस्पिटल के डॉ. राघवेन्द्र ने कहा कि गंदगी हमेशा बीमारियों को निमंत्रण देती है। घर के आसपास कचरा जमा होने से अनेक बीमारियां फैलती हैं।

इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने कहा कि स्वच्छता एक संस्कार है तथा स्वच्छता से हमारा मन प्रसन्न रहता है और कार्य करने की ऊर्जा मिलती है।

# भीषण गर्मी और लू का अलर्ट, हर अस्पताल में बनेंगे 'लू वार्ड'

### सीएमएचओ ने जारी की एडवायजरी

**ग्वालियर, 17 अप्रैल।** अप्रैल की शुरुआत के साथ ही सूर्य देव के तीखे तेवरों ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं को देखते हुए ग्वालियर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को विशेष इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं।

**प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर बनेगा 'लू वार्ड'**

डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने जिले के सभी स्वास्थ्य संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया है कि लू और ताप घात से निपटने के लिए अस्पतालों में पुख्ता व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने हर स्वास्थ्य संस्था में एक समर्पित 'लू वार्ड' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल राहत मिल सके।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

सीएमएचओ ने बताया कि अप्रैल, मई और जून के महीनों में लू का खतरा सर्वाधिक होता है। शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर ये लक्षण दिखाई दे सकते हैं जैसे कि तेज बुखार और सिर में भारीपन। चक्कर आना, उल्टी होना और अत्यधिक कमजोरी। मुंह का सूखना और बार-बार प्यास लगना। पसीना न आना और पेशाब कम होना। गंभीर स्थिति में बेहोशी आना। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए 'सावधानी' को ही सबसे बड़ा हथियार बताया है।

**धूप से बचें:** दोपहर के समय धूप में निकलने से परहेज करें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर, चेहरे और आंखों को सूती कपड़े या चश्मे से ढककर रखें।

**तरल पदार्थों का सेवन:** प्यास न होने पर भी अधिक से अधिक पानी पिएं। ओआरएस घोल, नींबू पानी और छाछ जैसे तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं।

**पहनावा:** हल्के रंग के और ढीले सूती कपड़े पहनें।

**प्राथमिक उपचार:** यदि किसी को लू लगे, तो उसे तुरंत ठंडी व छायादार जगह पर लिटाएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

**इनका कहना है ...**

'प्रशासन का प्रयास है कि भीषण गर्मी के दौरान किसी भी नागरिक को स्वास्थ्य संबंधी समस्या न हो। सभी अस्पतालों को दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।'

**डॉ. सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ ग्वालियर**

## गर्मी को ध्यान में रखकर आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदला

**ग्वालियर, 17 अप्रैल।** बढ़ते हुए तापमान एवं गर्मी के कारण आंगनबाड़ी के बच्चों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर ग्वालियर जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी क्रेंद्रों के समय में परिवर्तन किया गया है। बच्चों के लिये अब आंगनबाड़ी केंद्र का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। बच्चों को पोषण आहार वितरण का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिये आंगनबाड़ी का समय सुबह 8 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया गया है।

# जनगणना के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजर के प्रशिक्षण का प्रथम चरण पूर्ण, दूसरा कल से

**ग्वालियर 17 अप्रैल।** भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। जनगणना के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को तीन सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज पूर्ण हो गया है। 19 अप्रैल से प्रशिक्षण का दूसरा चरण प्रारंभ होगा जो कि 21 अप्रैल तक चलेगा। तृतीय चरण में 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन तीनों चरण के माध्यम से शतप्रतिशत प्रगणक व सुपरवाइजर प्रशिक्षित होंगे।

**बेझिझक दें सही-सही जानकारी, पूरी गोपनीयता रहेगी और साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होगी :** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिलेवासियों से भी अपील की कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत: गोपनीय रहेगी। साथ ही ऐसा स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।

**जिले में लगभग 6 हजार अधिकारी-कर्मचारी करेंगे जनगणना:** ग्वालियर जिले में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में लगभग 6 हजार अधिकारी-कर्मचारी जनगणना- 2027 के कार्य को अंजाम देंगे। इनमें लगभग 5 हजार प्रगणक व 829 पर्यवेक्षक, 41 चार्ज अधिकारी, 42 फील्ड ट्रेनर्स, 4 मास्टर ट्रेनर्स व 9 जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95